कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया
(विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के अन्तर्गत गठित)

प्रेस–विज्ञप्ति

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के पत्रांक–287/एसएलएसए–99/2019 (ऋ/हैदर), दिनांक–26.01.2024 के अनुपालन में जनपद देवरिया में आपराधिक मामलों में वंचितों तथा कमजोर वर्ग की प्रतिरक्षा हेतु लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम में चीफ/डिप्टी/असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के पदों पर नियुक्ति की जानी है, जिस हेतु पूर्व में विज्ञापन जारी कर आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे।

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के पत्रांक–287/एसएलएसए–99/2019 (ऋ/हैदर), दिनांक–26.01.2024 पर माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय के प्रशासनिक आदेश के द्वारा चयन समिति का गठन किया गया। मा0 चयन समिति के द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि **चीफ एवं डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के पद** पर साक्षात्कार **दिनांक–27.02.2024 को अपराह्न 12:00 बजे से** एवं **असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल** के पदों पर साक्षात्कार **दिनांक 28.02.2024 व दिनांक 29.02.2024 को अपराह्न 12:00 बजे से** दीवानी न्यायालय, परिसर में स्थित वीडियों कान्फ्रेंसिग भवन में लिया जायेगा।

अतः समस्त आवेदको को सूचित किया जाता है कि आप चीफ/डिप्टी/असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के पद हेतु साक्षात्कार मे उक्त निश्चित समय व तिथि को अपने समस्त सम्बन्धित मूल अभिलेखों व प्रमाण पत्रों के साथ **दीवानी न्यायालय देवरिया के ए0डी0आर0 भवन में प्रातः 11.30 बजे के पूर्व उपस्थित होना सुनिश्चित करें।**

1. चीफ एवं डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल हेतु साक्षात्कार
   दिनांक–27.02.2024 (समय अपराह्न–12:00बजे से)

2. असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल हेतु साक्षात्कार
   दिनांक–28.02.2024 व 29.02.2024 (समय अपराह्न– 12:00बजे से)

तदनुसार सभी सम्बन्धित सूचित हों।

दिनांक–22.02.2024

भवदीय,

(अशोक कुमार दूबे–II)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
देवरिया।

प्रतिलिपिः–

1. नोडल अधिकारी कम्प्यूटर अनुभाग को मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद व जनपद न्यायालय देवरिया की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु सादर प्रेषित।
2. अध्यक्ष, जिला बार एसोसिएशन को अपने सूचना पट्ट पर चस्पा किये जाने हेतु।
3. सूचना अधिकारी,देवरिया को इस आशय से प्रेषित की जनपद के समस्त समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन कराना सुनिश्चित करें तथा विज्ञापन की पेपर कटिंग कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,देवरिया को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
4. केन्द्रीय नाजिर नजारत अनुभाग को जिला न्यायालय के सूचना पट्ट पर चस्पा किये जाने हेतु।

22/2/24

(अशोक कुमार दूबे–II)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
देवरिया।